प्रेषक,

हिमांशु दयाल श्रीवास्तव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ०टी०सी०-प्रथम, सिद्धार्थनगर।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषयः- तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने से पूर्व स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी माह अप्रैल २०२१ से जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत है। प्रार्थी के न्यायिक सेवा प्रारम्भ करने के समय से ही प्रार्थी के माता-पिता प्रार्थी के साथ रहते रहे। प्रार्थी के पिता का दिसंबर २०१९ में निधन हो चुका है। प्रार्थी की लगभग ८१ वर्षीय माता निरन्तर गम्भीर अस्थमा तथा ब्रोन्क्राइटिस से पीड़ित हैं तथा उनका उपचार के०जी०एम०यू० लखनऊ के चेस्ट विशेषज्ञ डॉ० सन्तोष कुमार के पर्यवेक्षण में चल रहा है। जनपद सिद्धार्थनगर चिकित्सा की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ा है। वर्तमान में चिकित्सा महाविद्यालय के प्रारम्भ होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सक सिद्धार्थनगर में उपलब्ध नहीं हैं। माता की गम्भीर बीमारी व जर्जर शारीरिक स्थिति के कारण समय-समय पर उन्हें आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता पड़ती है, जोकि जनपद सिद्धार्थनगर में पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं है। अतः प्रार्थी को निरन्तर नियमित रूप से माता को चिकित्सा हेतु लखनऊ ले जाना पड़ता है, जोकि जनपद सिद्धार्थनगर से लगभग २७० कि०मी० दूर है।

अतः विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी की माता की आयु व उनकी गम्भीर बीमारी की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उनको पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद लखनऊ या निकट जनपदों में, जहाँ पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हो, किये जाने की प्रार्थना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

महान कृपा होगी।

सादर।

भवदीय,

30.11.2021

दिनांक-३०-११-२०२१

संलग्नक- चिकित्सा पर्चा।

(हिमांशु दयाल श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ०टी०सी०-प्रथम, सिद्धार्थनगर।
जे०ओ०कोड-यू०पी० १५५२